

Central Board of Secondary Education

# Question Paper 2016

[Official]

By

AglaSem

www.schools.aglasem.com

AglaSem Schools

**SET – 4**

**Series : ONS/1**

ोड नं.
**Code No.** **69/1**

रोल नं.
**Roll No.** | | | | | | | |

परी ार्थी ोड ो उत्तर-पुस्ति ा े मु ा-पृष्ठ पर अवश्य लि ें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **25** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **7** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **25** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# गृह विज्ञान (सैद्धान्तिक)
# HOME SCIENCE (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* — *अधिकतम अंक : **70***
*Time allowed : **3** hours* — *Maximum Marks : **70***

**सामान्य निर्देश :**

*(i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*
*(ii) इस प्रश्न-पत्र में कुल **25** प्रश्न हैं ।*
*(iii) प्रश्न संख्या **1** से **6** तक **एक** अंक के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर **एक** या **दो** लाइन में दीजिए ।*
*(iv) प्रश्न-संख्या **7** से **13** तक **दो** अंकों के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर **10** से **20** शब्दों में दीजिए ।*
*(v) प्रश्न संख्या **14** एवं **15** तक **तीन** अंकों के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर **20** से **30** शब्दों में दीजिए ।*
*(vi) प्रश्न-संख्या **16** से **21** तक **चार** अंकों के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर **40** शब्दों में दीजिए ।*
*(vii) प्रश्न-संख्या **22** से **25** तक **पाँच** अंकों के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर **50** व **60** शब्दों में दीजिए ।*
*(viii) जहाँ आवश्यक हो उपयुक्त उदाहरण सहित उत्तर दीजिए ।*

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

**General Instructions :**

*(i)* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii)* *There are total* ***25*** *questions.*

*(iii)* *Question nos.* ***1-6*** *are of* ***1*** *mark, to be answered in* ***one*** *or* ***two*** *lines.*

*(iv)* *Question nos.* ***7-13*** *are of* ***2*** *marks, to be answered in* ***10-20*** *words.*

*(v)* *Question nos.* ***14 & 15*** *are of* ***3*** *marks, to be answered in* ***20-30*** *words.*

*(vi)* *Question nos.* ***16-21*** *are of* ***4*** *marks, to be answered in* ***40*** *words.*

*(vii)* *Question nos.* ***22-25*** *are of* ***5*** *marks, to be answered in* ***50-60*** *words.*

*(viii)* *Support your answer with suitable examples wherever required.*

http://schools.aglasem.com/

1. दो कारण बताकर गर्भवती महिला को प्रतिदिन अपने दैनिक आहार में जिंक से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन करने के लिये प्रेरित करें । **1**

   Convince a pregnant woman with two reasons to include foods rich in zinc in their daily meals.

2. प्रत्यक्ष वास्तविक आय के दो उदाहरण दें । **1**

   Give two examples of direct real income.

3. बिजली के उपकरणों को एक विश्वसनीय दुकान से ही क्यों खरीदें ? इसके दो कारण बताएँ । **1**

   List two reasons of buying electrical items only from a reputed shop.

4. किसी पोशाक के दाम उस जैसी अन्य पोशाकों के दाम से अधिक होने के दो सम्भावित कारण क्या हो सकते हैं ? **1**

   What can be two possible reasons for higher cost of a dress in comparison of similar other dresses ?

5. गाँव वालों को MGNREGA से किन दो तरह से लाभ पहुँचा है ? **1**

   In what two ways have the villagers benefitted from MGNREGA ?

AglaSem Schools

6. खाद्य पदार्थ व पोषण के क्षेत्र में प्रशिक्षण पाने के पश्चात् आप कौन से दो व्यवसायों को चुन सकते हैं ? **1**

Name two occupations you can choose after you are trained in the area of Food and Nutrition.

7. पच्चीस वर्षीय सीमा एक अध्यापिका है, जिसकी हाल ही में शादी हुई है । उसे अपने घर से सम्बन्धित अपनी नई जिम्मेदारियाँ निभाने के चार सुझाव दें । **2**

Twenty-five-year-old Seema, is a teacher who has recently got married. Give her four suggestions to cope with her new responsibilities at home.

8. आपके दादाजी छः महीनों के लिए आपके साथ रहने आए हैं । चार ऐसे कार्यक्रमों का सुझाव दें जिनसे उनकी मनोरंजन सम्बन्धी आवश्यकताओं की पूर्ति हो सकती हो । **2**

Your grandfather has come to stay with you for six months. Suggest four activities for him which can fulfill his recreational needs.

9. क्रोध के कारण श्रीमती वर्मा अकसर अपने पड़ोसियों से झगड़ा करती हैं । जिसके लिये बाद में उन्हें पछतावा होता है । उन्हें अपने क्रोध पर काबू पाने के चार उपाय सुझाएँ । **2**

Mrs. Verma often gets into trouble with her neighbours because of her anger. For which she is repentant later on. Suggest to her four ways by which she can control her anger.

10. नौ माह के शिशु के लिए आहार का आयोजन करते समय किन चार बातों का ध्यान रखना चाहिए ? **2**

What four points should be kept in mind while planning meals for a nine month old infant ?

11. एक रसोइए को खाना बनाते समय व्यक्तिगत स्वच्छता के सबसे आवश्यक चार नियमों से अवगत करें । **2**

Make a cook aware of four most important rules of personal hygiene while cooking food.

http://schools.aglasem.com/

12. चना दाल खरीदते समय उसके लेबल पर कौन सा मानक चिह्न देखना चाहिए ? बिना इस चिह्न के बिकने वाली दाल में कौन सी मिलावट हो सकती है, जिसे उसके आकार द्वारा पहचाना जा सकता है । ऐसे मिलावटी पदार्थों का सेवन करने से स्वास्थ्य पर कौन से दो कुप्रभाव हो सकते हैं ? **2**

While buying Bengal gram which standard mark should you check on its label ? In the absence of this mark, state the adulterant which may be found in it and can be recognized with its shape. Mention two health hazards of consuming such an adulterated food item.

13. एक परिवार को दोपहर के भोजन में राजमा, चावल व दही भल्ला परोसा गया है । एक स्तनपान कराने वाली माता की पौष्टिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए इस आहार में चार परिवर्तन सुझाइए । **2**

A family has been served kidney-beans and rice along with dahi bhalla for lunch. Suggest four changes in it to meet four nutritional needs of a lactating mother.

14. नमीता एक किशोरी है, जो भोजन करने के पश्चात् हर बार उसे वमन द्वारा निकालने की कोशिश करती है । आपके अनुसार इसका क्या कारण हो सकता है ? यदि वह लगातार ऐसा करती रही, तो उसके स्वास्थ्य पर इसके कौन से दो कुप्रभाव पड़ेंगे ? उसे इस समस्या से बाहर निकलने के दो तरीके सुझाइए । साथ ही इस समस्या से निपटने में परिवार का योगदान भी समझाएँ । **3**

Namita is an adolescent girl, who tries to vomit every time after eating her meals. What do you think is the reason for this ? If she continues like this, what could be its two possible health hazards ? Suggest to her two ways to come out of this condition. Also mention the role of family in dealing with the problem.

15. पानी को पेय योग्य बनाने के लिए, गीता के पास रिवर्स ऑसमोसिस (Reverse Osmosis) और बिजली से चलने वाला सादा फिल्टर खरीदने के विकल्प हैं । इन दोनों विधियों से जल को शुद्ध करने की समुचित आवश्यक जानकारी देकर सही निर्णय लेने में उसकी सहायता करें । **3**

For purifying her drinking water, Geeta has to buy either reverse osmosis filter or an ordinary electric filter. Help her take a decision by giving her all the necessary information she would require about these filters.

http://schools.aglasem.com/

16. सोलह वर्षीय लड़कियों के चार विशेष गुण लिखें । जनसंचार साधनों का उनकी पहचान पर क्या प्रभाव पड़ता हैं ? **4**

Mention four distinct characteristics of sixteen year old girls. What is the impact of mass media on their identity ?

17. श्रीमती व श्रीमान जैन, अपने चौदह वर्षीय पुत्र के साथ सुदूर क्षेत्र में रहते हैं । इस परिवार से सम्बन्धित इतनी जानकारी का उनके दैनिक आहार के लिये किये जाने वाले खाद्यों के चुनाव पर क्या प्रभाव होगा ? यह भी बताएँ कि इसी परिवार के सन्तुलित दैनिक आहारों की योजना बनाते समय अन्य क्या जानकारी चाहिये व क्यों ? **4**

Mrs. and Mr. Jain live with their fourteen year old son, in a remote area. Discuss how this information would influence the selection of food items for their daily meals. Also present why and what additional information you would require if you want to plan balanced meals for the family.

18. डाक्टर किन दो नैदानिक लक्षणों के आधार पर, किसी व्यक्ति को उच्चरक्तचाप से पीड़ित घोषित करते हैं ? ऐसे व्यक्ति को परिवार के लिये बनाए गए भोजन को परोसने से पूर्व उसमें कौन से चार परिवर्तन करेंगे ? ऐसी दो सावधानियाँ भी बताएँ जिन पर इस समस्या से पीड़ित व्यक्ति को अपने भोजन को लेकर अमल करते रहना होगा । **4**

On the basis of which two clinical symptoms does a doctor diagnose that a person is suffering from hypertension ? Suggest four dietary changes one can make in the family meals to suit his specific needs. Recommend two precautions one can follow to make meals suitable for such a condition.

19. आपकी माताजी को घर खर्च के लिये जो पूँजी प्रतिमाह मिलती है वह काफी प्रतीत नहीं हो रही । उन्हें यह भी मालूम है कि इस राशि को आने वाले कुछ समय तक बढ़ाया नहीं जा सकता । इस समस्या को सुलझाने के लिये आप उन्हें कम से कम आठ सुझाव दीजिये । **4**

Your mother is finding it difficult to manage the monthly household expenditure within the monthly allowance she is given. She also knows that this allowance cannot be increased for sometime to come. In your opinion, what can be an alternative solution of this problem ? Give atleast eight suggestions.

http://schools.aglasem.com/

20. राधिका को ऊनी स्वेटर की शुद्धता का चिह्न दर्शाएँ । यदि यह चिह्न नकली हो, तो विस्तार से बताएँ कि उसे क्या करना चाहिये ? यह भी बताएँ कि भविष्य में ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए उसे क्या करना होगा । **4**

Illustrate the symbol of purity of wool to Radhika. Elaborate fully what she should do in case this symbol is fake ? What other steps should she adopt to prevent such incidents in future ?

21. यदि रेखा, आकार, रंगों व महत्त्व (बल) का चतुराई से प्रयोग किया जाए तो एक भारी आस्तीनों वाली मोटी महिला को पतला आकार दिया जा सकता है । चित्रों की सहायता से इस कथन की पुष्टि कीजिए । **4**

Clever use of line, shape, colours and emphasis can help make a fat woman with heavy arms appear slimmer. Explain and validate this with the help of diagrams.

22. मासिक आय योजना (MIS) व राष्ट्रीय बचत पत्र (NSC) की किन्हीं पाँच विशेषताओं की तुलना कीजिए । **5**

Compare any five features of Monthly Income Scheme (MIS) and National Savings Certificate (NSC).

23. उपभोक्ताओं को उत्पादकों व दुकानदारों की जिन कुचालों का अकसर सामना करना पड़ता है उनमें से किन्हीं पाँच-पाँच का वर्णन कीजिए । **5**

Describe five malpractices each of shopkeepers and manufacturers which the consumers have to often face.

24. महिमा बॉस्केटबॉल खेलती है । उसे खेल की पोशाक के लिए कपड़े का चयन करते समय कपड़े की किन चार महत्त्वपूर्ण विशेषताओं की जाँच करनी चाहिए ? इस पोशाक की संतोषजनक कारीगरी के लिए उसे दर्जी को कौन से छः निर्देश देने चाहिए ? **5**

Mahima plays basketball. Elaborate four important features she should check while selecting the fabric for her sports dress. Also state six instructions she should give to the tailor for satisfactory workmanship of this dress.

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

25. डिटरजेन्ट बनाने में प्रयोग की जाने वाली दो मुख्य सामग्रियों के नाम बताएँ । कपड़ों पर से मैल हटाने में डिटरजेन्ट की क्या भूमिका है ? विस्तार से लिखिए । घर पर कपड़े धोने के लिये आप जिस साबुन अथवा डिटरजेन्ट का प्रयोग करते हैं, उसकी धुलाई की क्षमता पर कारण सहित अपनी राय प्रस्तुत करें । **5**

List two main ingredients which are used for making a detergent. Write in detail how they help to remove dirt from clothes. Comment on cleaning quality of the soap/detergent you are using to wash your clothes at home. In your opinion what is the reason for your satisfaction/dissatisfaction ?

http://schools.aglasem.com/